भारत सरकार
युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय
(खेल विभाग)
राज्य सभा
तारांकित प्रश्न संख्या 74
उत्तर देने की तारीख 08 फरवरी, 2024
19 माघ, 1945 (शक)

हरियाणा में 'खेलो इंडिया' के अंतर्गत खेलों को बढ़ावा दिया जाना

74 श्री कार्तिकेय शर्माः

क्या युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) विगत तीन वर्षों के दौरान हरियाणा राज्य में 'खेलो इंडिया' कार्यक्रम के अंतर्गत खेलों को बढ़ावा देने और खिलाड़ियों के विकास के लिए कितनी धनराशि आवंटित की गई है;

(ख) क्या मंत्रालय ने हरियाणा के टीयर-2 और टीयर-3 शहरों में खेल संबंधी अवसंरचना में सुधार करने के लिए कोई कदम उठाए हैं; और

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी विगत तीन वर्षों का ब्यौरा क्या है ?

उत्तर

युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री
(श्री अनुराग सिंह ठाकुर)

(क) से (ग) : विवरण सभा पटल पर रख दिया गया है ।

****

“हरियाणा में 'खेलो इंडिया' के अंतर्गत खेलों को बढ़ावा दिया जाना” के संबंध में दिनांक 08.02.2024 के लिए श्री कार्तिकेय शर्मा, माननीय संसद सदस्य द्वारा पूछे गए राज्य सभा तारांकित प्रश्न संख्या 74 के भाग (क) से (ग) के उत्तर में संदर्भित विवरण ।

(क) इस मंत्रालय में धनराशि स्कीम-वार आवंटित की जाती है, राज्य-वार नहीं । पिछले तीन वर्षों और चालू वर्ष के दौरान खेलो इंडिया स्कीम के अंतर्गत आवंटित धनराशि का विवरण निम्नानुसार है :

(करोड़ रु.)

क्र.सं.	वित्तीय वर्ष	आवंटित धनराशि (संशोधित आकलन)
1.	2020-21	328.77
2.	2021-22	869.00
3.	2022-23	600.00
4.	2023-24	880.00

(ख) और (ग) : 'खेल' राज्य का विषय होने के कारण खेल अवसंरचना में सुधार सहित खेलों के विकास का उत्तरदायित्व मुख्य रूप से राज्य/संघ राज्यक्षेत्र की सरकारों का होता है । केंद्र सरकार उनके प्रयासों में सहायता करती है । तथापि, खेलो इंडिया स्कीम के "खेल अवसंरचना के निर्माण और उन्नयन" घटक के तहत, यह मंत्रालय खेल उपकरण सहित खेल परिसर, सिंथेटिक एथलेटिक ट्रैक, सिंथेटिक हॉकी मैदान, सिंथेटिक टर्फ फुटबॉल मैदान, बहुउद्देशीय हॉल, स्विमिंग पूल, आदि जैसी बुनियादी खेल अवसंरचना के निर्माण के लिए वित्तीय सहायता प्रदान करता है । इसके अलावा, राष्ट्रीय खेल विकास निधि (एनएसडीएफ) के तहत, सरकार हरियाणा के टियर-2 और टियर-3 शहरों सहित देशभर में खेल सुविधाओं के निर्माण और उन्नयन के लिए विभिन्न संस्थानों और व्यक्तियों को सहायता प्रदान करती है ।

अब तक, इस मंत्रालय ने हरियाणा राज्य सहित देशभर के विभिन्न राज्यों/संघ राज्यक्षेत्रों में विभिन्न श्रेणियों की 325 खेल अवसंरचना परियोजनाओं को संस्वीकृत किया है । हरियाणा राज्य सहित देशभर में खेलो इंडिया स्कीम और एनएसडीएफ के तहत संस्वीकृत खेल अवसंरचना का विवरण मंत्रालय के डैशबोर्ड https://mdsd.kheloindia.gov.in और http://www.nsdf.yas.gov.in/nsdf-glance.html पर पब्लिक डोमेन में उपलब्ध है ।

****